छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र

सेवा में,

श्रीमान प्रधानाचार्य महोदय

सरस्वती विद्या मंदिर, रांची

विषय: बुखार होने के कारण विधालय से छुट्टी लेने के संबंध में

महोदय

सविनय नियेदन है की मैं गौतम कुमार आपके स्कूल के 10वी कक्षा का छात्र हूँ कल रात से मुझे काफी तेज बुखार है आज सुबह डॉक्टर को दिखने पे पता चला की मुझे वायरल फीवर है। डॉक्टर ने मुझे 5 दिन घर में आराम करने का सुझाव दिए है साथ ही उन्होंने यह भी कहा की यदि में स्कूल जाता हूँ तो कक्षा के बाकी विद्यार्थियों को भी यह वायरल फीवर होने का खतरा है।

अत: महाशय आपसे मेरा नम्र निवेदन है की मेरा ये प्रार्थना पत्र स्वीकार करे और मुझे 5 दिनों की दिनांक 25-01-2022 से 29-01-2022 तक छुट्टी देने का कृप्या करे। इसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा।

आपका आज्ञाकारी छात्र

नाम- गौतम कुमार

कक्षा- 10वी

रोल नंबर- 3

9. *मित्र को अपनी बहन के विवाह पर निमन्त्रित करते हुये पत्र।*

सी-169, किदवई नगर,
नई दिल्ली।

अक्टूबर 15, 200...

प्रिय दीपक,

तुम्हें यह सूचित करते हुये मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है कि मेरी बहन का विवाह 2 नवम्बर, 200... को होना निश्चित हुआ है। लड़के वाले दिल्ली में ही रहते हैं। बारात तिलक नगर से बस द्वारा आयेगी। दूल्हा वित्त मंत्रालय में स्टेनोग्राफर के पद पर कार्यरत है।

मेरा तुमसे अनुरोध है कि इस अवसर पर तुम अवश्य पहुँचना। तुम विवाह से दो दिन पूर्व ही मेरे घर आ जाना ताकि विवाह समारोह की व्यवस्था में मुझे तुम्हारी मदद मिल सके। अपने प्रोग्राम के विषय में मुझे पूर्व सूचना अवश्य देना।

आण्टी एवं अंकल को भी मेरी ओर से निमन्त्रित करना। मुझे उम्मीद है तुम मुझे निराश नहीं करोगे। आण्टी अंकल को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा अभिन्न मित्र
(विपिन्न)